# University in News on 03 October 2024

## PIONEER PAGE 4

### एलयू में महात्मा गांधी व शास्त्री को किया गया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के टैगोर लॉन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी को याद किया। राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉक्टर तुंगनाथ ने राष्ट्रपिता के विचारों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।

समाज कार्य विभाग की डॉक्टर गरिमा सिंह और डॉक्टर अन्विता वर्मा ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन.... को गाकर सुनाया और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात कुलपति ने सफाई कर्मियो और राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने लाल बहादुर छात्रावास में स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## AMRIT VICHAR PAGE 8

### लविवि ने गांधी जी को किया याद

लविवि के टैगोर लॉन में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने गांधीजी को याद किया। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉक्टर तुंगनाथ ने राष्ट्रपिता के विचारों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। समाज कार्य विभाग की डॉक्टर गरिमा सिंह और डॉक्टर अन्विता वर्मा ने गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन को गाकर सुनाया और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ।



लखनऊ विवि के स्वच्छता दूतों के साथ कुलपति डॉ. आलोक राय। अमृत विचार

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि परिवार ने महात्मा गांधी को किया नमन

लखनऊ। लविवि के टैगोर लॉन में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी को याद किया। राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉक्टर तुंगनाथ ने राष्ट्रपिता के विचारों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। समाज कार्य विभाग की डॉक्टर गरिमा सिंह और डॉक्टर अन्विता वर्मा ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन को गाकर सुनाया और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात कुलपति ने सफाई कर्मियो और राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने लाल बहादुर छात्रावास में स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।